an>

title: Need to provide compensation to the farmers for the loss of crops due to hailstorms in Mandava of the Jhunjhunu Parliamentary Constituency of Rajasthan.

श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझुनू): माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे शून्य काल में किसानों की समस्या के बारे में बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपकी बहुत आभारी हूं। मैं आपके माध्मय से माननीय प्रधानमंत्री जी, कृषि मंत्री जी और समस्त सदन को अवगत कराना चाहती हूं। यह मेरे इलाके की ही समस्या नहीं है। बारिश और ओलावृष्टि से रबी की फसल बहुत खराब हुई है। मेरे लोकसभा क्षेत्र में मंडावा, टाइ, बिरमी, कबीरसरो और पाटोदा में ओलावृष्टि के कारणे किसानों का काफी नुकसान हुआ है और खड़ी फसल पूर्णतया बर्बाद हो गई है। मैं आपके माध्यम से निवेदन करती हूं कि गांव के किसानों को समय रहते उचित मुआवजा दिया जाए ताकि फसल बर्बाद होने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो गई, उसमें कुछ सुधार हो सके।

माननीय अध्यक्ष: श्री शरद त्रिपाठी, श्री रोड़मल नागर, श्री सी.पी. जोशी, श्री भैरों प्रसाद मिश्र और श्री सुधीर गुप्ता को श्रीमती संतोष अहलावत द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।